Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding engagement of MGNEREGA Labourers in wheat, paddy and sugar cane cultivation and also increase minimum 100 days of employment to 365 days

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मनरेगा मजदूरों और किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूं। हमारे देश में मनरेगा मजदूर व किसान अभी भी बहुत पिछड़े हुए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने देश के किसानों-मजदूरों की कमर तोड़कर रख दी है। उनकी माली हालत बहुत ही खराब हो गई है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की खेती में सहयोग हेतु गेहूं, धान, गन्ना आदि फसलों की खेती मनरेगा मजदूरों के माध्यम से कराया जाए।

जिससे किसानों को सहयोग मिलेगा और उनकी लागत में कमी आएगी। आज जो किसान भुखमरी की हालत में हैं, उन्हें राहत मिल सकेगी और मजदूरों को भी मनरेगा के तहत काम मिल सकेगा। उसके साथ मजदूरों को मनरेगा के तहत मिलने वाली सौ दिन की रोजगार गारंटी को बढ़ाकर 365 दिन रोजगार गारंटी दी जाए। इससे एक तरफ मजदूरों को काम मिलेगा और दूसरी तरफ किसानों को सहयोग मिलेगा। इससे मजदूरों और किसानों की माली हालत में सुधार होगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री मलूक नागर को श्री रामशिरोमणि वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।